कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकःशिविरा-माध्य/संस्था/गोप्र/डी-।।-एफ/अचलसम्पति/2019/358 दिनांकः 30/01/19

स्मरण पत्र

समस्त संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा माध्यमिक

विषयः- माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत समस्त राजपत्रित अधिकारियों को उनकी **SSO-ID** से लॉगिन कर राज-काज साफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2019 तक अनिवार्य रूप से अपलोड करने बाबत्।

प्रसंगः- कार्मिक विभाग का परिपत्र- क्रमांक प.13(76)कार्मिक/क-1/गो.प्र./2011 जयपुर दिनांक 31.12.2018 एवं इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 02.01.2019, 15.01.19, 18.01.19 एवं 25.01.19 के क्रम में।

उपर्युक्त विषय व प्रसंगानुसार लेख है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त संवर्गो के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अपनी **SSO-ID** से लॉगिन कर राज-काज साफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2019 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर उसकी हार्ड कॉपी अपने आहरण वितरण अधिकारी को जमा करवाने हेतु निर्देशित किया गया था। अत्यन्त खेद का विषय है कि आज दिनांक तक ई-मेल द्वारा प्राप्त होने वाली सूचना 60 प्रतिशत है। जिन कार्मिकों का अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2019 तक अनिवार्य रूप से अपलोड नहीं किया गया तो उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी जायेगी।

अन्तिम स्मरण पत्र देकर निर्देशित किया जाता है कि प्रतिदिन अपने अधिनस्थ कार्यालयों से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर इसे समेकित कर desacrsec@gmail.com ई–मेल पते पर प्रेषित करे । विलम्ब की स्थिति में समस्त उतरदायित्व आपका व्यक्तिगत रूप से होगा। साथ ही यह सूनिश्चित करे कि आपके अधीन विद्यालयों द्वारा उक्त सूचना सीधे ही इस कार्यालय को प्रेषित नही की जाये। अन्य निर्देश मूल पत्रानुसार यथावत रहेंगे।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकःशिविरा-माध्य/संस्था/गो.प्र./डी-।।-एफ/अचल सम्पति/2019 दिनांकः 30/01/19

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव,शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग,जयपुर।
2. उप शासन सचिव, शिक्षा ग्रुप-2 जयपुर ।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी कार्यालय हाजा।
4. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।.
5. अनुभाग अधिकारी, शाला दर्पण अनुभाग, को पत्र प्रेषित कर लेख है कि शाला दर्पण वेबसाईट पर पत्र अपलोड कर समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक को सूचित करें।
6. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर